समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# सोमवार को फोकस मे रंहेगा ये धाकड़ शेयर, अडानी पावर से मिला BHEL को 6,500 करोड़ का ऑर्डर।

Publisher Published on 28 Jun 2025



## BHEL को अडानी पावर से मिला थर्मल यूनिट्स के लिए बड़ा कॉन्ट्रैक्ट, FY25 मे ऑर्डर बुकिंग पहुंची ₹92,534 करोड़।

**क्या है पूरा मामला ?**
**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL)** को अडानी ग्रुप की कंपनी **अडानी पावर से 6,500 करोड़ रुपये** का बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर शुक्रवार, **27 जून 2025** को मिला और इसके बाद सोमवार, 30 जून को **शेयर बाजार** में कंपनी के शेयरों में हलचल देखी जा सकती है।

**BHEL** को यह ऑर्डर **800 मेगावाट** की छह थर्मल यूनिट्स के लिए मिला है। इसमें **स्टीम टर्बाइन जनरेटर** और **अन्य सहायक उपकरणों की आपूर्ति**, साथ ही **कंस्ट्रक्शन** और **कमीशनिंग सुपरविजन** का कार्य शामिल है।

**क्या होगा BHEL का काम ?**
कंपनी को इन यूनिट्स के लिए मुख्य तकनीकी उपकरणों की सप्लाई करनी है।
हालांकि कंपनी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह प्रोजेक्ट कितने समय में पूरा होगा।

इस नए **प्रोजेक्ट से BHEL की पाइपलाइन** और मजबूत हुई है और इसके साथ ही **FY25** में अब तक के **रिकॉर्ड 92,534 करोड़ रुपये** के ऑर्डर कंपनी को मिल चुके हैं।

**शेयर पर क्या होगा असर ?**

इस सकारात्मक खबर के चलते सोमवार को **शेयर बाजार मे BHEL** के शेयरों में उछाल देखने को मिल सकता है।

शुक्रवार, 27 जून 2025 को **BHEL का शेयर 0.21% गिरकर ₹264.05** पर बंद हुआ था, जिससे कंपनी का **मार्केट कैप ₹91,943.88 करोड़** रहा।

किस सेक्टर से कितने ऑर्डर मिले ?

१. **पावर सेक्टर : ₹81,349 करोड़**

२. **इंडस्ट्रियल सेगमेटं : ₹11,185 करोड़**

३. **BHEL की मौजूदगी डिफेसं, ट्रांसपोर्टेशन, इंडस्ट्रियल इक्विपमेट्ंस और प्रोसेस इंडस्ट्रीज जैसे क्षेत्रों मे भी है।**

**BHEL** शेयर परफॉर्मेंस ट्रेंड

१. **1 महीने मे: 1.4% की तेजी**

२. **3 महीनों मे: 23% की बढ़त**

३. **1 साल मे: 11% की गिरावट**

४. **2 साल मे: 213% की उछाल**

५. **3 साल मे: 475% की बढ़त**

६. **5 साल मे: 616% का मल्टीबैगर रिटर्न**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.